भारत सरकार
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3436
16 मार्च, 2021 को उत्तर के लिए नियत

''सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के भारी उद्योगों की स्थापना''

3436. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:
श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल:
डॉ. हिना विजयकुमार गावीत:
डॉ. सुजय विखे पाटील:
श्री धैर्यशील संभाजी राव माणे:

क्या **भारी उद्योग और लोक उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में विशेषरूप से महाराष्ट्र में स्थापित किए गए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के भारी उद्योगों का विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष का ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान ऐसे उद्योगों की स्थापना के कारण विस्थापित परिवारों की संख्या कितनी है;

(ग) ऐसे राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में अब तक उनमें से पुनर्वासित परिवारों की राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या क्या है; और

(घ) राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विशेषरूप से महाराष्ट्र में ऐसे उद्योगों में अब तक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नियोजित व्यक्तियों की संख्या क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) से (घ) : उद्योगों की स्थापना राज्य का विषय है और भारी उद्योग विभाग यथापेक्षित आंकड़े नहीं रखता। मंत्रालय ने पिछले तीन वर्षों में किसी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र में सार्वजनिक क्षेत्र में कोई भारी उद्योग स्थापित नहीं किया है।

*****